Title: Need to provide Central Assistance of Rs. 1 Crore to Indian Copper Complex to start Dhobini, Kishangadia, Sidheshwar and Chapri mines in Bihar.

श्रीमती आभा महतो (जमशेदपुर) : महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र के काफी गम्भीर मामले को सदन में उठाने जा रही हूं। बिहार राज्य के आदिवासी क्षेत्र घाटशिला/मुसाबनी स्थित भारत सरकार के उपक्रम इंडियन कॉपर कॉम्प्लैक्स की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। जो विगत कई वर्षों से वर्तमान प्रबन्धन की लापरवाही के कारण घाटे में चल रही है। इस उपक्रम में करीब आठ हजार मजदूर कार्यरत हैं। प्रबन्धन ने आई.सी.सी. के खदानों के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया, जिससे क्रमशः बानालोपा और बादिया ताम्र खदान को बन्द कर देना पड़ा, इस कारण १५०० मजदूर बेकार हो गए। स्थानीय समाचारपत्रों में भी यह खबर छपी है कि अगस्त महीने में दो और खदानों, केन्द्राडीह और पाथरगोड़ा को बन्द कर दिया जाएगा। यदि उक्त दोनों खदान बन्द कर दी जाती हैं तो मजदूरों की हालत बद से बदतर हो जाएगी।

अतः आपके माध्यम से सरकार से मेरी मांग है कि आई.सी.सी. को एक सौ करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता देकर नए खदान धोबोनी, किशनगाड़िया, सिद्धेशवर और चापड़ी को खोला जाए, ताकि बन्द खदानों के मजदूरों को वहां काम दिया जा सके।